## एक नजर में

### नवोदय विद्यालय बोहानी में कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु आवेदन तिथि 7 अगस्त तक बढ़ी

**नरसिंहपुर।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बोहानी में सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 अगस्त 2026 कर दी गई है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि ऐसे विद्यार्थी, जो वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नरसिंहपुर जिले के मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत हैं, वे निर्धारित वेबसाइट https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि वे समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें।

### पुलिस अधिकारियों ने बताए बचाव के उपाय

**नरसिंहपुर।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरखपुर में मानव तस्करी निषेध दिवस के अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा जागरूकता कायक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध के प्रति जागरूकता प्राप्त की। कार्यक्रम में डीएसपी लोकेश मार्को, टीआई प्रीति मिश्रा, एसआई सरोज रामसख्य एवं एएसआई मुकेश विश्वकर्मा, प्राचार्य डॉ. एस.के. पाल, शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यालय का स्टाफ मौजूद था। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को मानव तस्करी के कारणों, इसके दुष्परिणामों तथा इससे बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सतर्क रहने, अनजान व्यक्तियों से सावधानी बरतने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया।

### वृहताकार सहकारी समिति में सदस्यता अभियान जारी

**नरसिंहपुर।** जिले के इतवारा बाजार स्थित वृहताकार सहकारी समिति में किसानों के लिए सदस्यता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में समिति परिसर में विशेष शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 5 नए किसानों को सदस्य बनाया गया। समिति द्वारा माह अप्रैल 2026 से अब तक कुल 102 नए किसानों को सदस्यता प्रदान की जा चुकी है। सदस्य बने किसानों को पात्रता के अनुसार खाद का वितरण भी किया जा रहा है, जिससे उन्हें कृषि कार्य में सुविधा मिल रही है। वृहताकार सहकारी समिति के अंतर्गत जरजोला, सूरजगांव, डोगरगांव, झिरीकला, गोटेगांव, रानीपिपरिया, नरसिंहपुर, कंदेली, कुकवारा, बांसकुआरी, रोसरा, एवं अंडिया सहित विभिन्न ग्राम शामिल हैं।

### अटल टिफरिंग एवं आरोग्यम स्वास्थ्य केन्द्रों का लोकार्पण

**नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 2 अगस्त को नरसिंहपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे शासकीय जिला अस्पताल नरसिंहपुर में नवीन डायलसिस मशीनों का शुभारंभ करेंगे, एमएलबी स्कूल नरसिंहपुर में अटल टिफरिंग लैब तथा विभिन्न स्थानों पर आरोग्यम स्वास्थ्य केन्द्रों का लोकार्पण करेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री पटेल प्रातः 09:50 बजे सर्किट हाउस नरसिंहपुर से प्रस्थान कर प्रातः 10 बजे सदर मढ़िया प्रांगण पहुंचेंगे, जहां वे पूजन-पाठ के साथ डोम शेड का भूमिपूजन करेंगे। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे शासकीय जिला अस्पताल नरसिंहपुर में डायलसिस मशीनों का शुभारंभ करेंगे।

### सन फार्मास्युटिकल और पूर्व कर्मचारी का मामला जबलपुर श्रम न्याायालय में

**नवभारत,जबलपुर।** श्रम आयुक्त कार्यालय मध्य प्रदेश इंदौर द्वारा सन फ र्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड और कंपनी के पूर्व कर्मचारी के बीच जारी औद्योगिक विवाद को अधिनिर्णय के लिए श्रम न्यायालय जबलपुर को सौंप दिया गया है। यह आदेश उप श्रमायुक्त इंदौर द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 10,1 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया गया है।मामला रीवा निवासी सेवानिवृत्त कर्मचारी दीपांशु पाठक पिता राजेन्द्र कुमार पाठक और सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुंबई के मैनेजिंग डायरेक्टर, फील्ड एचआर के बीच का है। कर्मचारी द्वारा सेवापृथक्कीकरण के फैसले को चुनौती दी गई थी।

# भारी वाहनों के माध्यम से नल जल संरचनाओं को तोड़ने का आरोप

## ग्राम पंचायत की महिला सरपंच ने मुख्य सचिव से लेकर तहसीलदार तक की शिकायत

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां शासन द्वारा जल संरचनाओं को सहेजने ने लेकर जमीनी जल स्तर बढ़ाने की दिशा में विभिन्न योजनाओं का मूर्त रुप दिया जा रहा है। वहीं प्रत्येक घर में उपभोक्ताओं को पेयजल उपलब्ध हो को लेकर राशि पानी की तरह बहाया जा रहा है। साथ ही महिला जनप्रतिनिधियों को बराबरी से ग्राम विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए हर संभव मदद की जा रही है। लेकिन चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया अपने अधिकारों को पाने जलसंरचनाओं को सहेजने और नल जल योजनाओं को दुरुस्त करने ग्राम विकास की अधिकार राशि पाने के लिए तेंदूखेड़ा तहसीलदार जिला पंचायत और मुख्य सचिव भोपाल तक लिखित में आवेदन दे चुकी है लेकिन लालफीताशाही और अधिकारियों की मिली भगत के चलते उसकी कहीं कोई सुनवाई ना होना क्षेत्र में जनचर्चा का विषय बनने के साथ प्रशासनिक कार्यवाही से विश्वास उठता नजर आ रहा है। हमारे प्रतिनिधि को ग्राम की महिला सरपंच इमरती बाई ने बताया कि जल संरक्षण एवं भू-जन संवर्धन के उद्देश्य से शासन की जन संवर्धन योजना तथा जन सहयोग के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर जन संरक्षण हेतु गडडों रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण कराया गया था। जिसका उद्देश्य वर्षा जल का संचयन भू-जल स्तर में वृध्दि तथा ग्रामीणों एवं किसानों को दीर्घकालिक लाभ पहुंचाना है।



### ग्राम पंचायत की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया

विगत दिनों खमरिया ग्राम पंचायत की बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया है कि उक्त प्रकरण की तत्काल जांच कराई जाए। दोषी व्यक्ति के विरूध्द प्रचलित कानूनों के अनुसार आवश्यक वैधानिक एवं दंडात्मक कार्यवाही जाए।जल संरक्षण संरचनाओं को पुन: पूर्व स्थिति में बहाल कराया जाए।पुनर्निमाण पर होने वाला समस्त व्यय दोषी व्यक्ति से क्षतिपूर्ति के रूप से वसूल किया जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आवश्यक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए जाए। लिखित शिकायतें भी दी गई लेकिन अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार की कोई उचित कार्रवाई नहीं की है। बल्कि संबंधित मनमानी पर उतारू की दबंगई भी बढ़ती चली जा



लेकिन समीप में ही कन्हेरी टोरिया से मार्बल निकालनें का काम कर रहे लोगों के द्वारा जानबूझकर उक्त जल संरक्षण गडडों में मिटटी एवं मुरम भरवाकर उन्हें नष्ट कर दिया गया है।निजी हितों के चलते ग्राम पंचायत की सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंच रही है।साथ ही शासन की जल संरक्षण नीति पर्यावरण संरक्षण से प्रयास तथा ग्रामवासियों के सामूहिक हितों को भी गंभीर नुकसान हो रहा है।साथ ही भारी वाहनों के चलने से नलजल योजना अंतर्गत पाईप क्षतिग्रस्त हो रही है जिससे ग्राम में पेयजल की समस्या बन रही है।

### माइनिंग विभाग के अधिकारियों की मिली भगत

हमारे प्रतिनिधि को ग्राम पंचायत की महिला सरपंच ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम कन्हेरी पहाड़ी जिसमें प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक खनिज संपदा विद्यमान है।इस पहाड़ी को लीज पर लेकर अधिकारियों की मिली भगत से शासन के राजस्व को बड़ी मात्रा में नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वहीं ग्राम पंचायत से होने वाली इस आय को ग्राम पंचायत के हितों में खर्च करने की बजाय नुकसान भी पहुंचाया जा रहा है।आये दिन बड़े बड़े हाईवा कंटेनरों के माध्यम से जो पत्थर भरकर जा रहा है।नियम विरुद्ध निर्धारित मापदंडों को धता बताकर सीधी ढुलाई हो रही है।जिसे लेकर संबंधित विभागीय अधिकारी भी अनभिज्ञ बनें बैठें हैं।

**इनका कहना है**

आपके माध्यम से यह मामला हमारे संज्ञान में आया है शीघ्र ही इस विषय की गंभीरता से उचित निष्पक्ष रुप से जांच कराई जाएगी।

**-शानू चौधरी,** डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी तहसीलदार तेंदूखेड़ा

मैं अभी अभी जिले में पहुंचा हूं यदि माइनिंग से संबंधित को अवैधानिक गतिविधियां संचालित हो रही है या फिर रायल्टी से संबंधित कोई विषय है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

**-सोहन सलामे ,** खनिज

# शिव पूजन एवं आराधना के लिए विशेष है श्रावण मास

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** रुद्राभिषेक भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। रुद्राभिषेक करने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं गृह दोषों की शांति के साथ जीवन में शुभता का प्रकाश आता है। मन की शांति रोगमुक्ति व्यापार वृद्धि धन की प्राप्ति विद्या बुद्धि की प्राप्ति वैवाहिक जीवन में मधुरता संतान सुख यश की वृद्धि मनोकामनाओं की पूर्ति नकारात्मकता को दूर कर सकारात्मक ऊर्जा के साथ आत्मबल मनोबल आत्म विश्वास और आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति होती है। उक्ताशय के उद्गार ज्योतिष शिरोमणि ज्योतिष रत्न पं प्रमोद पचौरी ने व्यक्त किए। हमारी सनातन परंपरा में धर्म अर्थ काम मोक्ष आदि चारों पुरुषार्थों को सहज प्रदान करने वाले भगवान महादेव भोलेनाथ का पूजन हर समय मनुष्य कर सकता है। सभी वर्ण के लोगों को शिव पूजन का अधिकार है। किसी भी मास पक्ष तिथि वार में हम शिव जी का पूजन कर सकते हैं। लेकिन श्रावण का महीना विशेष रूप से शिव पूजन एवं आराधना के लिए समर्पित है। श्रावण में शिव जी को विल्वपत्र चढ़ाने का विशेष महत्व है। श्रावण में प्रतिदिन लोग वेद विधि के अनुसार पार्थिव अर्चन विभिन्न प्रकार की द्रव्यों से अभिषेक करके शिव जी की आराधना कर व्रत करते हैं। श्रावण सोमवार श्रावण प्रदोष हरियाली अमावस्या नाग पंचमी श्रावणी पूर्णिमा आदि इस माह के विशेष पर्व हैं।

### रुद्राभिषेक से आध्यात्मिक उन्नति एवं आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है

30 दिनात्मक श्रावण माह में इस बार चार सोमवार हैं। वैदिक पद्धति से श्रावण महीने शिवार्चन रूद्राभिषेक और महामृत्युंजय जप आदि कराने से विशेष लाभ प्राप्त होता है। जीवन मंगलमय बन जाता है हमारे शास्त्रों में अलग-अलग कामनाओं की पूर्ति के लिए अलग-अलग द्रव्यों से शिव पूजन और रुद्राभिषेक का विधान दिया गया है। हमारे क्षेत्र के विद्वान पौरोहित्य कर्मकाण्ड स्नातक वेदाचार्य पुराणाचार्य व्याकरणाचार्य ज्योतिषाचार्य पंडित प्रमोद पचौरी ने रुद्राभिषेक की महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रुद्राभिषेक से मानव का जीवन मंगलमय बन जाता है।

### खड़े मालवाहक वाहन से 12 हजार रुपये का सामान चोरी

**करेली।** नगर में अज्ञात चोरों ने एक मालवाहक वाहन का तिरपाल और रस्सी काटकर करीब 12 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया। मामले की शिकायत थाना करेली में दर्ज कराई गई है। पुलिस को दिए आवेदन में गुरमीत सिंह छाबड़ा, निवासी करेली ने बताया कि वह छोटा हाथी मालवाहक वाहन (एमपी-47 जी-0175) चलाकर नरसिंहपुर, करेली सहित अन्य स्थानों पर व्यापारियों और कंपनियों का माल परिवहन करता है। 29 की रात वह नरसिंहपुर से माल लेकर करेली स्थित अपने घर पहुंचा और वाहन को घर के सामने खड़ा कर दिया। वाहन तिरपाल और रस्सियों से पूरी तरह सुरक्षित बांधा गया था। अगली सुबह वाहन की जांच करने पर तिरपाल और रस्सियां कटी हुई मिलीं।




### सेवानिवृत्त उप निरीक्षक स्वामी को विदाई

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस कृषि उपज मंडी तेंदूखेड़ा में पदस्थ उप मंडी निरीक्षक महेन्द्र कुमार स्वामी की शासकीय सेवावधि पूर्ण हो जाने पर कृषि उपज मंडी परिसर में समारोह पूर्वक विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें मंडी सचिव शोभाराम आदिवासी मंडी निरीक्षक विनोद अग्रवाल रामकुमार उईके हरिमोहन कौरव वीरेन्द्र यादव उदयराम धानक सौरव कौरव राजा कोरी कैलाश सोनी आकाश ठाकुर जनप्रतिनिधि कृषक बंधु व्यापारी वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहा। गौरतलब रहे कि स्वामी जी ने वर्ष 1990 से कृषि उपज मंडी करेली से सेवायें शुरू की थी जिन्होंने छिंदवाड़ा नरसिंहपुर गाडरवारा में अपनी सेवाएं देने के पश्चात तेंदूखेड़ा में आकर सेवा पूर्ण की।

# सेवानिवृत्ति पर विदाई एवं अभिनंदन समारोह संपन्न

**नवभारत,करेली।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी, करेली अरविंद कुमार वर्मा के सेवानिवृत्ति अवसर पर शुक्रवार को भावपूर्ण विदाई एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों, प्राचार्यों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं सामाजिक योगदान को स्मरण करके उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। लगभग 40 वर्षों के गौरवपूर्ण सेवाकाल में वर्मा ने वर्ष 1986 में उच्च श्रेणी शिक्षक के रूप में शासकीय सेवा प्रारंभ की। उन्होंने श्रीधाम कठौतिया एवं पनारी में हायर सेकेंडरी विद्यालय प्रारंभ कराने जैसे उल्लेखनीय कार्य किये। इसके अतिरिक्त करुणागांव में प्रधान




पाठक,बोहनी में व्याख्याता,सी.एम. राइज विद्यालय करेली,हायर सेकेंडरी एकीकृत रांकई पिपरिया में प्राचार्य एवं उप प्राचार्य प्रभारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। 25 सितंबर 2023 से वे विकासखंड शिक्षा अधिकारी करेली के पद पर कार्यरत रहे और अपने कुशल नेतृत्व,प्रशासनिक दक्षता एवं अनुशासित कार्यशैली से शिक्षा जगत में विशेष पहचान बनाई। समारोह में सर्वप्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमगांव के प्राचार्य श्री लेखराम पाराशर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरणपुर की प्राचार्य श्रीमती सुनीता तिवारी तथा वरिष्ठ लिपिक श्री राजेश नामदेव ने अपने उद्बोधन में श्री अरविंद कुमार वर्मा की उत्कृष्ट कार्यशैली, प्रशासनिक दक्षता एवं सहज व्यक्तित्व की

# जनसंवाद और शिकायतों का त्वरित निराकरण

**यह अभियान 7 अगस्त 2026 से प्रारंभ होकर 8 जनवरी 2027 तक संचालित होगा**

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिले में आमजन का विश्वास सुदृढ़ करने और अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह अभियान 7 अगस्त 2026 से प्रारंभ होकर 8 जनवरी 2027 तक संचालित होगा। कलेक्टर रजनी सिंह ने इस संबंध में सभी जिला अधिकारियों, अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों, जनपद पंचायत सीईओ, तहसीलदार/नायब तहसीलदार एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि अधिकारी सप्ताह के प्रारंभ से ही सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें तथा योजनाओं की प्रगति का नियमित आकलन करें। अभियान के तहत क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनसंवाद के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका मौके पर समाधान किया जाएगा। साथ ही उद्यम संवाद के जरिए स्थानीय उद्यमियों एवं युवाओं को स्वरोजगार, कौशल उन्नयन एवं योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में स्वास्थ्य परीक्षण, आधार पंजीयन, श्रम योगी मानधन योजना का पंजीयन तथा हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रकरण भी तैयार किए जाएंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि जनसंवाद स्थलों पर स्वच्छता गतिविधियां, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की जानकारी एवं ग्राम विकास योजनाओं की रूपरेखा भी प्रस्तुत की जाए। साथ ही सभी विभागों द्वारा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर समन्वय के साथ कार्य सुनिश्चित किया जाए। अगस्त माह में 7 अगस्त को सालीचौका क्षेत्र, 14 अगस्त को गोटेगांव विकासखंड के बगासपुर से नेगुवा मार्ग तथा 21 अगस्त को केरपानी से हीरापुर मार्ग के ग्रामों में भ्रमण एवं समीक्षा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक शुक्रवार को कलेक्टर के नेतृत्व में जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी निर्धारित क्षेत्रों का अनिवार्य रूप से भ्रमण करेंगे। इस दौरान लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण, योजनाओं की जमीनी स्थिति का मूल्यांकन एवं लोक सेवाओं के समय-सीमा में प्रदाय की समीक्षा की जाएगी। अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम सादगी एवं मितव्ययिता के साथ आयोजित किए जाएंगे तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जाएगा। राज्य स्तर पर भी अभियान की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और जिले के प्रदर्शन का साप्ताहिक मूल्यांकन किया जाएगा।

# पत्नी की बेवफाई में पति ने की थी खुदकुशी

**मर्ग जांच में खुलासा: एफआईआर दर्ज**

**नवभारत, जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत कंदराखेड़ा नहर के पास 12 जून को प्रभात श्रीवास्तव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मर्ग जांच में यह बात सामने आई कि पत्नी की प्रताड़ना, बेवफाई से तंग आकर मृतक ने यह आत्मघाती कदम उठाया था। पुलिस ने आरोपिया पत्नी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम कंदराखेड़ा नहर के किनारे प्रभात श्रीवास्तव किराये से रहता था। 12 जून को शाम लगभग 4 बजे उसने घर के अंदर हॉल में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मर्ग जांच के दौरान पुलिस ने मृतक की बड़ी बहन मधु खरे, मझली बहन रेखा सागर, संझली बहन माला जैन, छोटी बहन श्रद्धा श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, भांजा सागर खरे, पुत्र प्रतीक श्रीवास्तव, पुत्री श्रेया श्रीवास्तव, बबीता सिंह के बयान दर्ज किए। एक पेनड्राइव भी प्रस्तुत की जिसमें मृतक प्रभात श्रीवास्तव की बहन श्रद्धा श्रीवास्तव व अन्य बहनों से फोन पर की गयी बातों की मृत्यु के पूर्व की काल रिकार्डिंग थी। मामले की जांच पड़ताल में यह बात सामने आई कि मृतक की पत्नी पूनम उर्फप्रिया श्रीवास्तव द्वारा पति प्रभात को आत्महत्या के लिये लगातार प्रताड़ित करती थी। प्रताड़ना से तंग आकर प्रभात श्रीवास्तव ने फांसी लगाई थी। पुलिस ने आरोपी पत्नि पूनम उर्फ प्रिया श्रीवास्तव के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# जर्जर सड़क पर फूटा जनआक्रोश, निगम से कहा अब और नहीं..

**नवभारत,जबलपुर।** गोपाल होटल से झामनदास तक जाने वाली जर्जर सड़क को लेकर क्षेत्र के लोगों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। सिद्ध बाबा वार्ड, द्वारका नगर, और सेठ गोविंद दास वार्ड को जोड़ने वाले इस प्रमुख मार्ग की बदहाल स्थिति से परेशान क्षेत्रीय नागरिकों ने नगर निगम के जोन क्रमांक-9 कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और सड़क की तत्काल मरम्मत कराए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है की प्रतिदिन करीब 40 से 50 हजार लोगों की आवाजाही वाले इस मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन चुके हैं। बारिश के दौरान सड़क पर जलभराव होने से गड्ढे नजर नहीं आते, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। सबसे



अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों और दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। नागरिकों ने आरोप लगाया की कई बार शिकायत करने के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। खराब सड़क के कारण एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है, जिससे लोगों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्रीय नागरिक संघ के प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह (संजू) ने कहा की यदि शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू नहीं कराया गया तो क्षेत्रवासी जनआंदोलन करने को विवश होंगे। नागरिकों ने नगर निगम से जनहित को देखते हुए गोपाल होटल से झामनदास तक सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

# जिला बार चुनाव : पुस्तकालय सचिव पद पर रवींद्र दत्त ने मारी बाजी

**1316 मत अपने नाम कर बनाया कीर्तिमान**

**जबलपुर।** जिला बार एसोसिएशन जबलपुर के चुनाव में पुस्तकालय सचिव पद पर अधिवक्ता रवींद्र दत्त ने कीर्तिमान बना दिया है। उन्होंने जिला बार एसोसिएशन के अब तक के इतिहास में सर्वाधिक मत प्राप्त किए। कुल मत 2680 में से 1316 उन्होंने अपने नाम कर लिए। जबकि उनके प्रतिद्वंदियों विजय यादव को 297, वीरेंद्र पटेल को 396, मनीष दुबे को 648 मतों पर संतोष करना पड़ा। कुल 23 मत निरस्त हो गए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी दिनेश उपाध्याय ने बताया कि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष व पुस्तकालय सचिव पद के परिणाम आने के बाद शुक्रवार को कार्यकारिणी के कुल सात पदों के लिए मतगणना प्रारंभ हुई। इस पद के लिए कुल 51 उम्मीदवार मैदान में थे। पहले दिन महज 100 मत गिने जा सके। लिहाजा, आज शनिवार को आगे की मतगणना को गति दी जाएगी। पुस्तकालय सचिव पद पर रविंद्र दत्त की ऐतिहासिक जीत के जश्न के कारण वकील रैली में जुट गए। इसलिए मतगणना आगे बढ़ा दी गई। जिला बार के नव निर्वाचित अध्यक्ष मनीष मिश्रा सहित अन्य ने रवींद्र दत्त की इस उपलब्धि की सराहना की है।



# भगवान श्रीराम और सनातन धर्म के अपमान का आरोप, थाने में शिकायत

**जबलपुर।** संसद परिसर में कथित नाट्य रूपांतरण को लेकर जबलपुर में विवाद शुरू हो गया है। संजीवनी नगर थाने में भगवान श्रीराम और सनातन धर्म के अपमान का आरोप लगाने के साथ धार्मिक भावनाओं को आहत करने की लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। संजीवनी नगर निवासी अश्वनी तिवारी ने थाना प्रभारी को एक लिखित शिकायत में बताया कि सोशल मीडिया पर संसद परिसर नई दिल्ली का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। शिकायतकर्ता अश्वनी तिवारी का आरोप है कि इस वीडियो में सांसद, अयोध्या के श्रीराम मंदिर के चंदे को लेकर संसद परिसर के बाहर एक नाटक (नाट्य रूपांतरण) कर रहे हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस कृत्य से भगवान श्रीराम और सनातन धर्म से जुड़े श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। थाना प्रभारी को सौंपे गए शिकायती पत्र में अश्वनी तिवारी ने कार्रवाई की मांग की है।

**अव्यवस्था** | **आरपीएफ की कार्रवाई बेअसर**

# फिर प्लेटफॉर्म-6 के बाहर खड़ी होने लगीं मेट्रो बसें

**जबलपुर।** मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक-6 के बाहर स्थित सर्कुलेटिंग एरिया में एक बार फिर मेट्रो बसों का जमावड़ा लगने लगा है। बसों के परिसर में खड़े रहने से यहां अक्सर जाम की स्थिति बन रही है, जिससे रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों, ऑटो चालकों और अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यस्त समय में यातायात प्रभावित होने से यात्रियों को स्टेशन तक पहुंचने और बाहर निकलने में काफी दिक्कतें हो रही हैं।गौरतलब है कि विगत सप्ताह रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सर्कुलेटिंग एरिया



में नियमों का उल्लंघन कर खड़ी मेट्रो बसों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें हटाया था। उस कार्रवाई के बाद कुछ समय के लिए व्यवस्था सुधरी नजर आई, लेकिन अब फिर से बसें उसी स्थान पर खड़ी होने लगी हैं। इससे सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कार्रवाई के बाद भी स्थायी समाधान क्यों नहीं हो पाया।

### नहीं हो रही नियमित कार्रवाई

यात्रियों का कहना है कि स्टेशन परिसर में लगातार निगरानी और नियमित कार्रवाई नहीं होने के कारण हालात फिर पहले जैसे हो गए हैं। लोगों ने मांग की है कि रेलवे प्रशासन और आरपीएफ संयुक्त रूप से प्रभावी व्यवस्था लागू करें, ताकि सर्कुलेटिंग एरिया अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से मुक्त रहे तथा यात्रियों को बिना

**इनका कहना है**

सर्कुलेटिंग एरिया में खड़ी बसों पर एक फिर से कार्यवाही की जायेगी।

**राजीव खरब**
**पोस्ट प्रभारी, आरपीएफ**